दिनांक 13.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर के परिक्षेत्राधीन पूर्वी तटबंध प्रमंडल, सुपौल के अन्तर्गत "Village protection work at village Sujanpur under block-Kishanpur, District-Supaul (एजेण्डा सं0–242/260/2026)" (NIT No-03/25-26 Group-6) (केवल अनियोजित अभियंताओं के लिए) कार्य हेतु 01 अदद निविदादाता से प्राप्त तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर विचार हेतु दिनांक–13.01.2026 आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारियों ने भाग लियाः–

i. श्री संतोष कुमार, मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
ii. ई0 वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।
iii. ई0 संजीव शैलेश, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर।
iv. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

2. तकनीकी बीड की विवरणी :–

i.	प्रमण्डल का नाम	:–	पूर्वी तटबंध प्रमंडल, सुपौल
ii.	कार्य का नाम	:–	Village protection work at village Sujanpur under block-Kishanpur, District-Supaul. (एजेण्डा सं0– 242/260/2026)
iii.	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	:–	रू0 28.35 लाख
iv.	प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग	:–	पत्रांक–5281 दिनांक 31.12.2026
v.	स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि	:–	रू0 27.79437 लाख
vi.	निविदा सूचना संख्या	:–	03/2025-26, ग्रुप सं0–06, दिनांक–13.12.2025 (केवल अनियोजित अभियंताओं के लिए)
vii.	निविदा प्रकाशन का विवरण	:–	दैनिक भास्कर, दिनांक–19.12.2025
viii.	निविदा प्राप्ति की तिथि	:–	29.12.2025
ix.	प्राप्त निविदा की संख्या	:–	01 (एक) अदद
x.	निविदा की प्रक्रिया	:–	ई–टेंडरिग
xi.	विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की बैठक	:–	12.01.2026

3. समीक्षा :– इस निविदा में वित्तीय बोली (Financial Bid) के मूल्यांकण हेतु एकल निविदादाता होने के कारण विषयक निविदा को विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थित किये जाने हेतु मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर द्वारा निविदा अभिलेख आदि समर्पित किया गया। उपरोक्त कंडिका–2 में अंकित कार्य अनियोजित/बेरोजगार अभियंता हेतु आरक्षित है। मुख्य अभियंता, वीरपुर से प्राप्त निविदा अभिलेख के आलोक में दिनांक–12.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा की गई समीक्षा में निविदा में सम्मिलित 01 (एक) अदद निविदादाता यथा (1) **नीरज कुमार यादव, वार्ड नं0–03, हृदय नगर, सुपौल** द्वारा तकनीकी बीड की सभी वाँछित अर्हता पूरी करने के कारण तकनीकी बीड में सफल करने की अनुशंसा की गई है।

विभागीय निविदा समिति की बैठक में तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर की गई समीक्षा के आलोक में निविदादाता की स्थिति निम्नवत् हैः–

(1) नीरज कुमार यादव, वार्ड नं0–03, हृदय नगर, सुपौलः–इनके द्वारा तकनीकी बीड की सभी वाँछित अहर्ताएँ पूर्ण की गई है।

विदित है कि प्रसंगाधीन कार्य की एकल निविदा के निस्तार हेतु पूर्व से ही विभागीय अनुमोदन प्राप्त है। पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–3162(S) दिनांक–09.05.2016 की कंडिका–(2) के आलोक में उक्त निविदा पर विभागीय निविदा समिति द्वारा निर्णय लिया जाना है।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :–

उपर्युक्त कंडिका–3 पर की गयी समीक्षा के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर को तकनीकी बीड में सफल निविदादाता **नीरज कुमार यादव, वार्ड नं0–03, हृदय नगर, सुपौल** से इस आशय की सहमति कि "यदि संवेदक द्वारा उद्धृत दर, परिमाण विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है तो वे यह कार्य परिमाण विपत्र की दर/वार्तालापित दर पर करने के लिए सहमत होंगे" लेने के उपरान्त ही उनका वित्तीय बीड खोलकर नियमानुसार कार्य आवंटित करने हेतु प्राधिकृत किया गया।

13/01/26
(अरविन्द कुमार वर्मा)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना

13/01/26
(संजीव शैलेश)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर

13/01/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना

13/1/26
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांकः–बाढ़(मो0)सिं0नि0–37/2026– 185 पटना/ दिनांकः– 13-01-2026

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर को सभी निविदा अभिलेखों/कागजातों के साथ सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक–786 दिनांक–06.02.2025 के आलोक में भी आवश्यक कार्रवाई सुनश्चित की जाय।

अनु0:–यथावत्।

13/1/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता, बाढ़(मो0)

पत्रांकः–बाढ़(मो0)सिं0नि0–37/2026– 185 पटना/ दिनांकः– 13-01-2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

13/1/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता, बाढ़(मो0)